हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 29 जनवरी 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 15 डिग्री


4 बाल विवाह मुक्त कोरिया बनाने जिला स्तरीय कार्यशाला




## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय हैंडबॉल में मनेन्द्रगढ़ का परचम



**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़ के लिए यह क्षण गर्व और गौरव से भरा हुआ है। शासकीय बालक क्रीड़ा परिसर मनेन्द्रगढ़ में अध्ययनरत होनहार छात्र आशीष कुमार सिंह ने राष्टीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर जिले और संस्थान का नाम रोशन किया है। राष्टीय खेल प्रतियोगिता हैंडबॉल का आयोजन गुजरात के सोमनाथ में 30 जनवरी तक किया जा रहा है, जिसमें आशीष कुमार सिंह, पिता सूरज सिंह, राष्टीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उल्लेखनीय है कि शासकीय बालक क्रीड़ा परिसर में वर्ष 2023 से हैंडबॉल का नियमित और सघन प्रशिक्षण प्रशिक्षक श्रीमती मीना प्रजापति के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। उनके समर्पित प्रयासों, अनुशासित प्रशिक्षण और सतत मेहनत के परिणामस्वरूप विद्यार्थियों ने बीते वर्षों में राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर अपनी सशक्त पहचान बनाई है। पिछले तीन वर्षों में क्रीड़ा परिसर के कई छात्रों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। सत्र 2025-26 में आशीष कुमार सिंह का राष्टीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन होना इस निरंतर प्रशिक्षण, कठिन परिश्रम और खेल के प्रति समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह उपलब्धि न केवल आशीष की व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि पूरे क्रीड़ा परिसर, प्रशिक्षकों और जिले के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है।

### श्री राधा कृष्ण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 5 को

**बैकुण्ठपुर।** शहर के स्थानीय प्रेमाबाग मंदिर परिसर में नव निर्मित श्री राधा कृष्ण मंदिर में श्री राधा कृष्ण की प्रतिकृति की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम आगामी दिनों संपन्न कराने की तैयारियां चल रही है। जानकारी के अनुसार उक्त कार्यक्रम के तहत 5 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे प्रेमाबाग मंदिर परिसर से विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। दूसरे दिन 6 फरवरी को मिष्ठाधिवास व अन्य कार्यक्रम संपन्न की जाएगी और तीसरे दिन 7 फरवरी को नव निर्मित मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी और हवन आरती कार्यक्रम के बाद भोग भंडारा कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इसी दिन संध्या में भजन संगीत कार्यक्रम रात्रि 7:30 बजे आयोजित की जाएगी। जानकारी के अनुसार उक्त प्राण प्रतिष्ठा का संपूर्ण कार्य यज्ञाचार्य श्री-श्री हेरम्ब कृष्ण शास्त्री सोनू महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा।

### अपर कलेक्टर ने आमजन की सुनी समस्याएं

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर विनायक शर्मा एवं श्रीमती नम्रता डोंगरे ने जिले के ग्रामीण एवं शहरी अंचलों से आए आम नागरिकों की समस्याएं गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनीं। जनदर्शन के दौरान नागरिकों ने अपनी छोटी-बड़ी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कीं। अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का नियमानुसार परीक्षण कर प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक भटकाव से राहत मिल सके। इस जनदर्शन में कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए।

### सैकड़ों ग्रामीण व्यक्त किए अपनी पीड़ा विधायक से, कलेक्टर को भी सौंपे ज्ञापन

# चेर-धौराटिकुरा को नपा से अलग करने की मांग



विधायक से मिलते ग्रामीण।



कलेक्टर कार्यालय पहुंचे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर से ग्राम चेर और धौराटिकुरा को अलग करने की मांग को लेकर काफी संख्या में ग्रामवासियों ने बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े और कलेक्टर कोरिया से मिलकर लिखित आवेदन प्रस्तुत कर चेर एवं धौराटिकरा को नपा बैकुंठपुर से अलग करने की मांग रखी।

ग्रामीणों ने विधायक श्री राजवाड़े को बताया कि वे नगर पालिका में नहीं रहना चाहते हैं और अपनी पहचान ग्रामीण के रूप में बनाए रखना चाहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि चेर एवं धौराटिकुरा के निवासी अपनी आजीविका मुख्यतः कृषि पर निर्भर रखते हैं तथा पशुपालन भी करते हैं, इसके बावजूद इन पर नगर पालिका का टैक्स बोझ लग रहा है, जिससे उनकी मुश्किलें बढ़ रही हैं। उन्होंने अपील किया कि उनका क्षेत्र नगर पालिका से पृथक कर वापस ग्राम पंचायत के अंतर्गत रखा जाए, जिससे उन्हें ग्राम पंचायत के लाभ मिल सकें और टैक्स का बोझ न उठाना पड़े। विधायक श्री राजवाडे ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांग को वे संबंधित विभाग तथा सरकार तक रखेंगे।

उन्होंने कलेक्टर को भी आगे की कार्रवाई के लिए मांग पत्र भेज दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व धौराटिकुरा तथा चेर को अन्य गांवों के साथ नगर पालिका बैकुंठपुर में शामिल कर दिया गया था, लेकिन बाद में अन्य गांवों को अलग कर दिया गया, जबकि चेर एवं धौराटिकुरा अभी भी नगर पालिका में ही बने हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम चेर व धौराटिकरा को भी नगर पालिका बैकुंठपुर से पृथक किया जाए, ताकि हम ग्रामीणों को ग्राम पंचायत का लाभ मिल सके और नगर पालिका के विभिन्न तरह के टैक्स से बचे रहे। ग्रामीणों ने विधायक श्री राजवाड़े को दी गई अपनी मांग की शिकायत प्रभारी मंत्री कोरिया एवं नगरीय प्रशासन मंत्री के अलावा कोरिया कलेक्टर को भी प्रेषित की है।

#### दोनों क्षेत्र में किसान परिवार अधिक

विधायक भईयालाल राजवाड़े को दिए अपने आवेदन में धौराटिकरा व चेर के लोगों के संयुक्त हस्ताक्षर से दिए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि दोनों क्षेत्र में ज्यादातर परिवार किसानी कार्य करते हुए कृषि कार्य उनका मुख्य है और आय का स्त्रोत भी कृषि के अलावा दूसरा नहीं है। नगर पालिका में जुड़ने से उन्हें विभिन्न तरह के टैक्स अदा करना पड़ रहा है और पंचायती राज व्यवस्था का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# छेड़छाड़ के आरोपी का पुलिस ने निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप मुख्य मार्ग किनारे बीते दिवस एक युवती से छेड़छाड़ करने के मामले में पीड़िता ने आरोपी निजी वाहन चालक के विरूद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। भीड़-भाड़ वाले स्थल पर युवती से हुई छेड़खानी के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

मिली जानकारी के अनुसार एक युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास मुख्यमार्ग किनारे किराए के लिए निजी वाहन खड़ी की जाती है, वहीं पर एक निजी वाहन चालक अरशद ने उसके साथ छेड़छाड़ किया। शिकायत दर्ज होने के बाद कोरिया एसपी रवि कुर्रे के निर्देश पर सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोप अरशद को बुधवार को गिरफ्तार कर सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी का जुलूस निकाल कर न्यायालय में ले जाया गया। इस दौरान आरोपी ने यह नारा लगाते हुए चलता रहा कि अपराध करना पाप है पुलिस हमारा बाप है, इस दौरान पुलिस की घेराबंदी रही। दूसरी ओर आरोपी को सड़क पर लोग ठहर कर देखते रहे। उल्लेखनीय है कि शहर के भीड़-भाड़ वाले जगह पर युवती के साथ हुई छेड़खानी का मामला सोशल मीडिया में वायरल कर दी गई थी, इस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। वहीं इस घटना को लेकर लोगों में भी आक्रोश देखा जा रहा था।

- **प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में हुए घटना पर युवती ने दर्ज कराई थी शिकायत**



आरोपी का निकला जुलूस।



प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में युवती से छेड़छाड़, कार्रवाई की मांग

28 जनवरी को हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

#### नपा प्रशासन से पहल की मांग



### जूनापारा में सड़क पर बह रहा गंदा पानी

**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 20 जूनापारा में सड़क पर गंदा पानी बह रहा है, इसके बीच से होकर लोगों को प्रतिदिन आवागमन करना पड़ता है, जिसे लेकर लोगों में नाराजगी है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 20 जूनापारा के प्रमुख मार्ग पर नाली निर्माण कार्य नहीं होने के कारण एक स्थान पर घर का गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है, इसके चलते इस मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों को गंदे पानी के बीच से होकर आवागमन करना पड़ता है, इसे लेकर वार्ड के लोगों में गहरी नाराजगी है। वहीं इसके अलावा सड़क पर गड्ढे भी बन गए हैं, जिसमें घर का गंदा पानी भर जाता है। इस जगह पर वाहन चालकों को भी परेशानी होती है। वहीं पैदल आवागम करने वाले लोगों को गंदे पानी के बीच से होकर सड़क पर आवागमन करना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने मांग की है कि उनके वार्ड में नाली निर्माण कार्य कराया जाए, ताकि घर का गंदा पानी सड़क पर न बहे। वार्डवासियों का कहना है कि बरसात के दौरान तो ओर भी ज्यादा स्थिति खराब रहती है यदि नाली निर्माण हो जाता है तो इस तरह की समस्या से उन्हें छुटकारा मिल जाएगा।

# अवैध शराब का कारोबार विभाग पर उठे सवाल

**मनेन्द्रगढ़।** शहर में अवैध शराब का कारोबार लगातार बढ़ रहा है और हालात यह हैं कि शहर के अधिकांश होटलों में शराब प्रेमी खुलेआम जाम छलकते हुए देखे जा सकते हैं। यह स्थिति जिले में आबकारी विभाग की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ से लगभग 7 किमी दूर मध्य प्रदेश की सीमाओं से ही शराब मनेन्द्रगढ़ के होटलों तक पहुंचाई जा रही है।

विशेष रूप से मध्यप्रदेश के बिजुरी, कोतमा, राजनगर और डोला में संचालित दुकानों से शराब भारी मात्रा में मनेन्द्रगढ़ के शराब विक्रेताओं द्वारा मंगाई जा रही है। सीमावर्ती क्षेत्र से सस्ती शराब की तस्करी होने के कारण स्थानीय दुकानदारों और होटलों को काफी लाभ हो रहा है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों का कहना है कि जिले में कई बार आबकारी विभाग और पुलिस अधिकारियों ने यह स्पष्ट किया है कि जिला मुख्यालय और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शराब की अवैध बिक्री कतई नहीं होने दी जाएगी। बावजूद इसके अवैध शराब का कारोबार खुलेआम जारी है। यह स्थिति यह संकेत देती है कि किसी न किसी स्तर पर मिलीभगत और अनदेखी की गई है। विशेषज्ञों और नागरिकों का मानना है कि शहर में अवैध शराब के इस स्तर तक फैलने के पीछे प्रशासनिक उदासीनता और निगरानी की कमी प्रमुख कारण हैं। होटलों और शराब विक्रेताओं द्वारा नियमों को ताक पर रखकर व्यापार करना यह दशार्ता है कि विभाग और पुलिस व्यवस्था पर कड़ी नजर रखने में विफल रहे हैं। स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि वह इस मामले में कड़ा एक्शन ले और सख्त जांच कराए। साथ ही शराब की अवैध बिक्री को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कानून का पालन सुनिश्चित हो ⏭ शेष पेज 4 पर

# 8 दुकानों से 1600 रूपए वसूले

### स्कूलों के 100 गज दायरे में तंबाकू विक्रय पर प्रशासन सख्त



**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा एमसीबी जिले में तंबाकू नियंत्रण को लेकर सख्त प्रवर्तन कार्रवाई की गई।

इस अभियान के तहत खोंगापानी, झगराखांड एवं लेदरी क्षेत्र में कोटपा अधिनियम के अंतर्गत निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम द्वारा शास्त्री स्कूल खोंगापानी, सिंधी सोसायटी स्कूल झगराखांड तथा शासकीय प्राथमिक शाला लेदरी के आसपास 100 गज के दायरे में संचालित किराना दुकानों, चाय ठेलों, पान दुकानों एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई दुकानों पर खुलेआम तंबाकू युक्त पदार्थों का विक्रय करते पाया गया, जो कानूनन अपराध है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कोटपा अधिनियम 2003 की संबंधित धाराओं के अंतर्गत 8 पान ठेले, रेस्टोरेंट, किराना स्टोर, गुमटियां, होटल एवं चाय दुकानों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 1600 रूपए का जुमार्ना अधिरोपित किया गया तथा संबंधित विक्रेताओं को कड़ी चेतावनी दी गई कि भविष्य में स्कूल परिसर एवं उसके 100 गज दायरे में तंबाकू, सिगरेट एवं अन्य नशीले पदार्थों का विक्रय किसी भी स्थिति में न करें। निरीक्षण के दौरान शासकीय प्राथमिक विद्यालय पुरानी लेदरी में धूम्रपान मुक्त शिक्षण संस्थान से संबंधित सूचना बोर्ड एवं विद्यालय के 100 गज दायरे में तंबाकू उत्पादों के विक्रय को कानूनी अपराध घोषित करने वाले बोर्ड नहीं पाए जाने पर विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधान पाठक को तत्काल आवश्यक सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश प्रवर्तन दल द्वारा दिए गए। इस प्रवर्तन कार्रवाई में कोटपा नोडल अधिकारी डॉ. कीर्ति चौहान स्वास्थ्य विभाग से, खाद्य एवं औषधि प्रशासन की ओर से औषधि निरीक्षक विकास लकड़ा एवं आलोक मिंज, साथ ही झगराखांड थाना प्रभारी एवं पुलिस बल की सक्रिय उपस्थिति रही। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बच्चों एवं युवाओं के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और आगे भी इस तरह की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# नगर पालिका परिषद का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया घेराव




**मनेन्द्रगढ़।** नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ में भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताएं का आरोप तथा कर्मचारियों के वेतन भुगतान में देरी और पारदर्शिता की कमी के विरोध में कांग्रेस ने नगर पालिका कार्यालय का घेराव किया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई, इसके बाद पैदल रैली निकालते हुए कांग्रेसजन कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण में नगर पालिका परिषद में पार्षद निधि, अधोसंरचना निधि और वित्त आयोग की राशि का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने कलेक्टर से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने आरोप लगाया कि सामान्य सभा में प्रस्तावों में हेराफेरी, कर्मचारियों के वेतन भुगतान में देरी और नगर पालिका का निजी स्वार्थ के तहत संचालन जनता के हित के खिलाफ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। युवा कांग्रेस नेत्री श्रीमती पूनम सिंह ने कहा कि नगर पालिका परिषद में पारदर्शिता पूरी तरह समाप्त हो चुकी है और जनता के हक की रक्षा करना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार और हेराफेरी पर कांग्रेस निरंतर कार्रवाई करेगी। वहीं पार्षद अनिल प्रजापति ने आरोप लगाया कि नगर पालिका परिषद में कांग्रेस पार्षदों के साथ भेदभाव पूर्वक व्यवहार किया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनता के अधिकार और कर्मचारियों के हित की रक्षा के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

### समर्थन मूल्य पर 11.20 लाख क्विंटल धान की खरीदी, 43 करोड़ की ऋण वसूली

# 19 हजार से अधिक किसानों के खातों में 265 करोड़ रूपए अंतरित



धान खरीदी केन्द्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में चालू खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान उपार्जन कार्य लगातार प्रगति पर है। 15 नवंबर से 25 जनवरी तक की स्थिति के अनुसार समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले 19,179 किसानों के खातों में 265 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की जा चुकी है।

जिले में कुल 23,265 किसान पंजीकृत हैं। अब तक उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 11,19,498.80 क्विंटल (लगभग 11.20 लाख क्विंटल) धान की खरीदी की जा चुकी है। साथ ही 5,13,252 क्विंटल धान का उठाव भी किया गया है। धान विक्रय की प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए 13,206 किसानों ने स्वयं ऑनलाइन टोकन जारी किया, जबकि 5,973 किसानों को समितियों के माध्यम से टोकन प्रदान किए गए। रकबा समर्पण के अंतर्गत 13,679 किसानों द्वारा 2,178.05 हेक्टेयर क्षेत्र का समर्पण किया गया है। प्रशासन द्वारा अनियमितताओं पर सख्ती बरतते हुए अब तक 2,864.80 क्विंटल धान जब्त किया गया है। वहीं कृषकों को वितरित कृषि ऋण के विरूद्ध 42.89 करोड़ रूपए की वसूली भी की जा चुकी है।

जिला प्रशासन द्वारा शेष धान खरीदी दिवस में समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए उपार्जन कार्य को निरंतर जारी रखा गया है तथा किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव

उपहार वितरण सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 29 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।

समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।

नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।

## खबर संक्षेप



### शिवकुमार टोप्पो को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**अम्बिकापुर।** ग्राम अजिरमा में राजस्व विभाग में पटवारी के पद पर पदस्थ शिवकुमार टोप्पो को संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय की ओर से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। समाजशास्त्र विषय अंतर्गत उन्होंने यह उपाधि ग्रामीणों के सामाजिक-आर्थिक स्वावलंबन में नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी योजना के योगदान के अध्ययन जिले के तीन ब्लॉक पर आधारित एक समाजशास्त्रीय अध्ययन विषय पर सफलतापूर्वक शोध प्रस्तुत कर प्राप्त की है। यह शोध कार्य डॉ. प्रतिभा सिंह प्राध्यापक समाजशास्त्र के निर्देशन में पूरा किया गया। मौखिक परीक्षा के उपरांत विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में शिवकुमार टोप्पो के शोध कार्य को स्वीकृति प्रदान करते हुए उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया।

### यूजीसी एक्ट बिल शिक्षा पर हमला, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ : हिमांशु

**अंबिकापुर।** युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग के चेयरमैन हिमांशु जायसवाल ने यूजीसी एक्ट बिल को लेकर कहा कि यह बिल देश की शिक्षा



व्यवस्था को सुधारने का नहीं, बल्कि उसे आरएसएस-बीजेपी के एजेंडे में जकड़ने का बिल है। यह बिल शिक्षा पर तानाशाही थोपने और राज्यों से उनके संवैधानिक अधिकार छीनने की साजिश है। इस बिल के लागू होने सेविश्वविद्यालयों की स्वायत्तता समाप्त हो जाएगी, राज्य सरकारें शिक्षा नीति में बेबस दर्शक बन जाएंगी, शिक्षकों और छात्रों की आवाज़ दबाई जाएगी, शिक्षा को ज्ञान नहीं, आज्ञाकारिता का माध्यम बनाया जाएगा। यह बिल एक राष्ट्र, एक विचार थोपने का प्रयास है, जो भारत की संघीय व्यवस्था और विविधता के खिलाफ है। भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने में नाकाम रही, अब वह शिक्षा को भी अपने राजनीतिक नियंत्रण में लेकर सवाल पूछने वाली पीढ़ी को खामोश करना चाहती है। शराब दुकानों को बढ़ाने में लगी है स्कूल बंद करने वाली सरकार आज इस बिल को लाकर ये साबित कर दिया कि इन्हें छात्रों युवाओं से कोई मतलब नहीं सिर्फ और सिर्फ तानाशाही करने में लगी है। अगर इस बिल को वापस नहीं लिया जाता है हम सब मिलकर इसका विरोध करेंगे क्योंकि हम शिक्षा पर कोई भी तानाशाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। छात्रों और शिक्षकों की आवाज़ सड़क से संसद तक उठेगी।

### खरीदी केंद्र में लाया गया 194 बोरी पुराना धान जब्त



**राजपुर।** जिले में अवैध धान खपाने वालों पर कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इस दौरान जिले में धान के अवैध परिवहन, संग्रहण, उपार्जन केन्द्रों में पुराने व अवैध धान के बिक्री के प्रयास तथा बिचौलिये एवं कोचियों के द्वारा अवैध रूप से धान विक्रय पर कड़ी निगरानी की जा रही है। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशानुसार उपार्जन केंद्रों में खरीदी प्रक्रिया में अनियमितता तथा धान के अवैध विक्रय के प्रयास पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में विकासखण्ड राजपुर अंतर्गत धान खरीदी केन्द्र जिगडी में 2 कृषकों द्वारा 194 बोरी पुराना धान विक्रय हेतु लाया गया था। जिसे तहसीलदार श्रीमती कावेरी मुखर्जी द्वारा जांच कर जब्त किया गया है और मामले की जांच चल रही है।

### आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शंकरगढ़।** आरोपी कृष्णा जायसवाल की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय पैकरा के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई कि यदि आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी नहीं की जाती है तो 30 जनवरी को थाने का घेराव किया जाएगा। आरोपी कृष्णा जायसवाल द्वारा दूसरे किसान के नाम पर अपना धान खपाने का प्रयास किया जा रहा था। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन से मांग की है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं जनता के विश्वास की रक्षा हेतु आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। इस दौरान जनपद सदस्य विवेक सिंहदेव, सत्यनारायण अग्रवाल, सीमु अग्रवाल, उम्मत रसूल, हीरालाल यादव, राजीव तिर्की, साधिम मरावी, राम सुंदर सिंह सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## यूथ इंटक की सूचना पर पहुंची टीम ने किया जब्त

# एक्सपायरी हो चुके धान बीज को समिति में खपाने की चल रही थी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में एक्सपायरी धान बीज को समिति में खपाने का मामला सामने आया है। युवा नेताओं की शिकायत पर पहुंची अधिकारियों की टीम ने मौके से लगबघ 3.72 लाख रुपए का धान जब्त किया है। इस धान बीज को 40-40 केजी की बोरी बनाकर सिलफिली समिति में खपाने की योजना थी। फिलहाल अधिकारियों द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

**खास बात**
- 40-40 केजी की बोरियों में भर रहे थे तस्कर

बताया जा रहा है कि सोमवार की देर शाम सुभाषनगर वार्ड क्रमांक 2 में एक किराए के मकान गोदाम में कुछ लोगों द्वारा पुराने धान बीज के एक्सपायरी हो चुके पैकेट को फाड़कर धान बीज को बोरियों में भरने का काम किया जा रहा था जिसके बाद यूथ इंटक के प्रदेश अध्यक्ष आशीष शील, प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल पटेल, रेहान अली एवं युवा कांग्रेस ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष सतीश घोष सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे जहां एक्सपायरी हो चुके धान बीज के पैकेट को काटकर 40-40 केजी की बोरी तैयारी की जा रही थी। ऐसे में उन्होंने मामले की सूचना एसडीएम को दी। सूचना मिलने के बाद एसडीएम के निर्देश पर असिस्टेंट फूड ऑफिसर चित्रकांत ध्रुव के साथ ही राजस्व, मंडी, खाद्य की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान अधिकारियों ने पाया कि यूपी इलाहाबाद की कंपनी के



परिसर में मौजूद एक्सपायरी धान बीज के प्लास्टीक व बोरियों में अवैध धान।

एक्सपायरी हो चुके धान बीज की बोरियां बनाई जा रही थी। इस धान बीज की कीमत महज 5 से 6 सौ रुपए लेकिन तस्करों द्वारा इसे 31 सौ रुपए के हिसाब से खपाने की योजना थी।

जांच के दौरान यह बात सामने आई कि धान को सिलफिली धान समिति में बेचने की तैयारी थी। मौके से बड़ी संख्या में बोरियां भी बरामद की गई है इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह कारोबार लम्बे समय से चल रहा था और तस्कर बेखौफ होकर एक्सपायरी धान बीज को समितियों में खपाने का काम कर रहे थे। इसके साथ ही यह धान केमिकल कोटेड भी होता है जो सीधे तौर पर हानिकारक हो सकता है। असिस्टेंट फूड ऑफिसर चित्रकांत ध्रुव ने बताया कि उक्त धान केशव मंडल के यहां से बरामद किया है और धान किसी मुकेश गुहा का है। अधिकारियों ने मौके से 3.72 लाख रुपए का एक्सपायरी धान बीज बरामद किया है।



## ट्रेलर की टक्कर से दो छात्रा घायल, लोगों ने चालक को पकड़ किया पुलिस के सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्कूल जाने के लिए सड़क किनारे खड़ी दो छात्राओं को तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों छात्रा घायल हो गई। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने चालक को पकड़ पुलिस के सुपुर्द किया है।

जानकारी के अनुसार सेदम कमलेश्वर साहू की बेटी हेमा साहू आज सुबह स्कूल जाने के लिए तैयार होकर घर के सामने खड़ी थी जबकि वहीं सेदम हाई स्कूल जा रही कक्षा नवमी की छात्रा रितिका साहू आ. जगदीश साहू दोनों सड़क किनारे खड़े होकर बात कर रहे थे तभी तेज रफ्तार ट्रेलर क्रमांक सीजी 07 सीटी 2455 का चालक श्रीपटी थाना के चिल्ड निवास सत्यम यादव आ. सूरज यादव (30 वर्ष) लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दोनों छात्राओं को टक्कर मार दी वहीं वाहन में फंस जाने से रितिका साहू 20 मीटर तक घसीटते रही जो छिटक कर दूर जा गिरी। चालक घटना स्थल से ट्रेलर लेकर भागने लगा तो ग्रामीणों ने पीछा कर चालक को मंगारी के समीप पकड़ पुलिस के सुपुर्द किया है। चालक सत्यम ने बताया कि झपकी आने से यह दुर्घटना हुई। ट्रेलर को दिल्ली से रायगढ़ लेकर जा रहा था और घटना के बाद डर से भाग रहा था। इधर घायल छात्राओं को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार जारी है।

### सड़क पर उतरे आक्रोशित ग्रामीण

एनएच 43 पर ट्रेलर की टक्कर से दो छात्राओं के घायल होने पर ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए और आए दिन हो रही दुर्घटना के विरोध में सड़क पर उतर गए। इधर एनएच 43 पर ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन करने की जानकारी लगते ही सीतापुर एसडीएम राम सिंह ठाकुर, एसडीओपी राजेन्द्र मंडावी, तहसीलदार गोविंद सिन्हा, बतौली थाना प्रभारी विवेक सेंगर टीम साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सेदम हाई स्कूल, ईश्वर सोनी के घर पास, बाजार डांड़ पास ब्रेकर बनवाने की मांग की। साथ ही ग्रामीणों द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

## नाम और पहचान बदलकर युवतियों का किया शोषण, होटल के कमरे में खुला राज

**अंबिकापुर।** सरगुजा में लव जिहाद का मामला सामने आया है। पना नाम और पहचान बदलकर युवक एक हिन्दू युवती का दैहिक शोषण किया इसके साथ ही उसके साथ ठगी की। आरोपी ने फेसबुक में फर्जी आईडी और फर्जी आधारकार्ड बनवाकर सरगुजा में कई लड़कियों का शोषण किया। वहीं एक युवती के साथ उसने पैसों कि ठगी की। होटल के कमरे में रुकने के दौरान आरोपी के बैग से मिले दस्तावेज से उसका भांडा फूट गया जिसके बाद युवती ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक के खिलाफ दो अलग अलग मामलों में अपराध दर्ज करने के साथ ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

बताया जा रहा है कि बिहार के पटना निवासी महफूज नामक व्यक्ति ने अपना नाम फेसबुक एन तरुण पैकरा रख लिया और एक फर्जी आधार कार्ड भी बनवा लिया। फेसबुक



के जरिए उसने पैकरा सरनेम वाली युवतियों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। इस दौरान आरोपी ने अंबिकापुर की दो और जशपुर जिले की एक युवती को अपना नाम स्वराज पैकरा बताकर शादी और नौकरी का झांसा दिया। आरोपी ने खुद को बिलासपुर रेलवे में पदस्थ बताया। इस दौरान आरोपियों ने युवतियों का नाजायज फायदा उठाया। वही बताया जा रहा है कि आरोपी महफूज अंबिकापुर पहुंचा और जशपुर जिले के कांसाबेल से उसने एक युवती को मिलने के लिए बुलाया। आरोपी ने युवती से मिलने के लिए एक होटल बुक किया जहां उसे स्वराज पैकरा नाम का फर्जी आईडी भी जमा कराया और युवती के साथ दो दिनों तक होटल में रुका। इस दौरान युवती ने युवक का मोबाइल फोन चेक किया तो उसके फेसबुक आईडी पर कई हिन्दू लड़कियों के मैसेज थे ऐसे में जब युवक होटल से बाहर निकला तो युवती ने उसका बैग चेक कर लिया। बैग में युवक का असली आधार कार्ड भी मिला जिसमें उसका नाम देखकर युवती के होश उड़ गए।

### शिकायत के बाद आरोपी गिरफ्तार

बताया जा रहा है कि आरोपी का भांडा फूटने के बाद युवती ने अपनी सहेलियों को होटल में बुलाया और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस महफूज को हिरासत में लेकर गांधीनगर थाने गई जहां पुलिस ने युवती की शिकायत पर दो अलग मामलों में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। युवती ने अनुसार आरोपी ने 17 जनवरी को किसी अन्य लकड़ी होटल में रखा था। आरोपी किसी कपड़े के दुकान में काम करता है। लव जिहाद का मामला सामने आने के बाद हिन्दू संगठनों में भी रोष का माहौल है और उन्होंने दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### चल रही है जांच

युवती की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले की जांच चल रही है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी सरगुजा

## साप्ताहिक बाजार समीप ब्रेजा कार की टक्कर से तीन ग्रामीण हुए घायल, कई बाइक हुई क्षतिग्रस्त



**बिश्रामपुर।** जमशेदपुर से शहडोल जा रहे मारुति ब्रेजा कार चालक ने साप्ताहिक बाजार जयनगर में कुछ लोगों को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे खड़ी बाइक को टक्कर मार दी है,दुर्घटना में तीन ग्रामीणों को चोटें लगी हैं,गौरतलब है कि एनएच से सटे ग्राम जयनगर में सोमवार को साप्ताहिक बाजार लगा था,इसी बीच जमशेदपुर से शहडोल जा रही मारुति ब्रेजा वाहन क्रमांक जेएच 05 ईबी 4321 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एनएच 43 पर जयनगर में सड़क पार कर रहे ग्राम कोरेया आमापारा निवासी 18 वर्षीय आकाश सिंह पिता ननका,ग्राम गणेशपुर निवासी 38 वर्षीय जगदेव यादव पिता मानिक प्रसाद यादव व ग्राम तेलईकछार केनापारा निवासी 35 वर्षीय देवानंद देवांगन पिता संत राम को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे खड़ी कई बाइक को टक्कर मार दी है,दुर्घटना की सूचना पर जयनगर पुलिस घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल भिजवाकर दुर्घटनाकारित मारुति ब्रेजा कार को जब्त कर लिया है,दुर्घटना उपरांत यहां पर कुछ समय के लिए अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी।

### गणतंत्र दिवस पर मांस तस्करी करने के आरोप में चार आरोपी गिरफ्तार

गणतंत्र दिवस पर मांस तस्करी होने की सूचना पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम कुरवां में डेम के पास मृत मवेशी के मांस तस्करी की सूचना मिलते ही दबिश दी गई,यहां पर ग्राम केशवनगर शिवरियापारा निवासी 55 वर्षीय जुगेंद्र सारथी पिता अमर साय, 50 वर्षीय कांति सारथी पति जुगेंद्र सारथी, 45 वर्षीय रघु तिर्की पिता जीवनुश तिर्की, 25 वर्षीय प्रशांत टोप्पो पिता कमीर साय को पकड़कर आरोपियों के खिलाफ धारा 170, 126, 135 (3) बीएनएसएस की कार्यवाही की गई है।



## वाटर पार्क में असामाजिक तत्वों ने जमकर मचाया उत्पात, की मारपीट

**अंबिकापुर।** गणतंत्र दिवस के दिन शहर के वाटर पार्क में युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। युवकों के अलग अलग गुट के साथ ही युवतियों ने आपस में जमकर मारपीट की जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना रहा। दिनभर चली मारपीट और उत्पात का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। हालांकि अब पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर जांच कर मामले में कार्रवाई करने की बात कह रही है। बता दें कि सोमवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर सहित जिलेभर के उद्यान, पर्यटन स्थल गुलजार रहे। बड़ी संख्या में लोगों अपने परिवारों के साथ घूमने फिरने के लिए निकले थे। इस दौरान शहर के वाटर पार्क में भी इस बार लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के सदस्यों के साथ वाटर पार्क घूमने के लिए आए थे। इस दौरान वाटर पार्क में अलग अलग गुटों के बीच मारपीट की घटनाएं भी सामने आई। युवकों ने आपस में जमकर मारपीट की। लोगों के पार्क में जमकर उत्पात मचाया जिससे लोग भी दहशत में रहे। वहीं युवकों के साथ ही युवतियों के भी मारपीट करने का वीडियो सामने आया है। युवतियां आपस में एक दूसरे के साथ मारपीट कर रही है। वाटरपार्क में मारपीट और उत्पात देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान सूचना पर पहुंची पुलिस ने उतपातियों को खदेड़ा और बाइकर्स गैंग के खिलाफ चलानी कार्रवाई की। इस संबंध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि मारपीट के मामले में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। वायरल वीडियो की जांच कराई जाएगी। क्षेत्र में उत्पात मचाने वाले बाइकर्स गैंग पर कार्रवाई की गई है।



## श्रमिक संगठन के दंपती द्वारा शुरू किए गए आमरण अनशन के आगे नरम हुआ प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयला मजदूरों के हक और रोजगार की बहाली को लेकर कोयला मजदूर सभा एचएमएस श्रमिक संगठन द्वारा शुरू किये गये आंदोलन में कुछ हद तक सफलता मिलती दिख रही है,कम्पनी प्रबंधन के अड़ियल रवैये के खिलाफ शुरू हुआ यह संघर्ष 9 जनवरी को धरने से आरंभ हुआ था, जिसकी पूर्व सूचना प्रबंधन को दे दी गई थी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो 16 जनवरी से क्रमिक अनशन और 23 जनवरी से आमरण अनशन किया जाएगा,सभा की चेतावनी को गंभीरता से न लेने का खामियाजा प्रबंधन को तब भुगतना पड़ा जब 16 जनवरी से क्रमिक अनशन शुरू हुआ और 23 जनवरी से सभा के महामंत्री देवेन्द्र मिश्रा धर्मपत्नी श्रीमती सुलेखा मिश्रा के साथ आमरण अनशन पर बैठ गए,पति-पत्नी द्वारा एक साथ अनशन पर बैठना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया और मजदूरों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। दोनों ने स्पष्ट शब्दों में संकल्प लिया कि जब तक मजदूरों की जायज मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक अनशन समाप्त नहीं किया जाएगा,आंदोलन के तेज होते ही प्रबंधन पर दबाव बढ़ने लगा,बड़ी संख्या में मजदूर, पदाधिकारी और क्षेत्रवासी आंदोलन स्थल पर जुटने लगे,आखिरकार मजदूरों के इस अडिग संकल्प के आगे कम्पनी प्रबंधन को झुकना पड़ा,एचएमएस श्रमिक संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के बीच मौके पर आकर एसईसीएल बिश्रामपुर महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने कहा कि बलरामपुर खदान को चालू करने के लिए उच्च प्रबंधन स्तर पर सकारात्मक पहल की जा रही है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि खदान को तत्काल शुरू करना संभव नहीं है,जिसके लिए कुछ समय की आवश्यकता होगी,विस्तृत चर्चा के बाद सभा के महामंत्री देवेन्द्र मिश्रा ने प्रबंधन को तीन माह का समय दिया है, ताकि बलरामपुर खदान को चालू करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सके,प्रबंधन द्वारा दिए गए सकारात्मक आश्वासन के बाद महाप्रबंधक ने स्वयं नारियल पानी पिलाकर देवेंद्र मिश्रा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुलेखा मिश्रा का अनशन समाप्त करवाया,आंदोलन की समाप्ति की औपचारिक घोषणा केन्द्रीय उपाध्यक्ष हरी यादव ने की,मौके पर कोयला मजदूर सभा के परमजीत सिंह, आरसी जायसवाल,अरविंद सिंह,लखन कुर्रे, सुशील राय, फिरन लाल, नरेन्द्र सिंह चौहान, सूर्यबली, उमेश कुमार सिंह, शिवाकांत मिश्रा, प्रेमचंद सिंह, रमेन्द्र सिंह, मो. इरफान खान, शैलेन्द्र सिंह, रामाशंकर, सहित अन्य उपस्थित थे।

- बंद पड़ी बलरामपुर कुम्दा खदान को पुन: शुरू कराने तीन माह का समय माँगा



## पार्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**अम्बिकापुर।** पार्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट मदनपुर के बीएड नर्सिंग व स्कूल विभाग द्वारा गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम सामूहिक नृत्य, संगीत, कविता, भाषण आदि प्रशिक्षार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए। संस्था के संस्थापक अशोक नाथ तिवारी द्वारा संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला तथा अधिकारों एवं कर्तव्यों का पालन करने हेतु प्रेरित किया। अध्यक्ष सह चेयरमेन प्रमेन्द्र तिवारी ने जीवन में ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक अपने कार्यों को करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा समय का सदुपयोग करने पर बल दिया। राकेश तिवारी द्वारा गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। संस्था के उपाध्यक्ष श्रीमती श्वेता तिवारी, बीएड प्राचार्य डॉ. छविरानी मंडल, प्राचार्य श्रीमती एसएम जागृति लकड़ा नर्सिंग विभाग, प्राचार्य दीपक सिन्हा द्वारा संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। श्रीमती जयमाला सिंह द्वारा मंच संचालन किया गया। सहायक प्राध्यापक श्रीमती प्रीति सोनी द्वारा अतिथियों को धन्यवाद दिया गया एवं इस कार्यक्रम को और बेहतर करने हेतु प्रशिक्षणार्थियों एवं विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बीएड, नर्सिंग एवं स्कूल के समस्त स्टाफ व प्रशिक्षार्थी छात्र छात्राएं अभिभावक उपस्थित रहे।

### कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार चंदौरा निवासी सुरेंद्र पैकरा आ. गंगा प्रसाद पैकरा (19 वर्ष) 26 जनवरी की सुबह घर से निकला और कीटनाशक पी लिया। कीटनाशक पीने के बाद सुरेन्द्र से घटना की जानकारी गांव के ही करम पैकरा दी। जानकारी लगते ही करम पैकरा ने युवक के परिजन को बताया। परिजन तत्काल युवक का प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया।



# गांधी टॉक्स का ट्रेलर रिलीज, बिना बोले दमदार कहानी दिखाती है फिल्म

**मुंबई।** विजय सेतुपति की आगामी साइलेंट फिल्म 'गांधी टॉक्स'का ट्रेलर रिलीज हो गया है। साइलेंट फिल्म होने के नाते ट्रेलर में एक भी डायलॉग नहीं है। लेकिन हां, एआर रहमान का संगीत ट्रेलर को रोमांचक बनाता है। । 'गांधी टॉक्स' 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर आपको चार्ली चैपलिन की फिल्मों के दौर की भी याद दिलाएगा। ट्रेलर से पता चलता है कि कहानी के केंद्र में विजय सेतुपति हैं। ट्रेलर फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह बढ़ाता है। यह फिल्म बेरोजगार विजय सेतुपति की कहानी है, जिसे अपने घर के सामने रहने वाली पड़ोसी अदिति राव से प्यार हो जाता है। दूसरी कहानी करोड़पति अरविंद स्वामी की है, जो अपनी सारी दौलत खो देता है।

## लाइफ Style

# मिमी

## स्टेज परफॉर्मेंस के दौरान उत्पीड़न का लगाया आरोप

*मिमी चक्रवर्ती ने एक लाइव स्टेज शो के दौरान उत्पीड़न और अपमान का आरोप लगाया है। यह घटना रविवार को बनगांव शहर के नयाग्राम इलाके में हुए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में हुई। मिमी की शिकायत के अनुसार, आयोजकों में से एक व्यक्ति तन्मय शास्त्री स्टेज पर चढ़ गया। उसने मिमी की परफॉर्मेंस को बीच में रोक दिया।*

एजेंसी ⏭ मुंबई

मिमी ने कहा कि इस घटना से उन्हें बहुत अपमान और बुरा लगा। उन्होंने ईमेल के जरिए बनगांव पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दी। दूसरी तरफ, आयोजक युवक संघ क्लब ने इन आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि मिमी तय समय से करीब एक घंटा लेट आईं। तन्मय शास्त्री ने कहा, 'कार्यक्रम की इजाजत सिर्फ आधी रात तक की थी। इलाके में छात्रों की बोर्ड परीक्षाएं होने वाली हैं, इसलिए कार्यक्रम को समय पर रोकना पड़ा। हमने मिमी का अपमान नहीं किया और न ही उन्हें परेशान किया। उनके आरोप बिल्कुल गलत हैं।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मिमी के बॉडीगार्ड्स ने क्लब की महिला सदस्यों के साथ बदतमीजी की, जो रात 11:45 बजे उन्हें सम्मान देने स्टेज पर आई थीं। तन्मय शास्त्री ने आगे कहा, 'हमें पता है कि मिमी एक बड़ी स्टार हैं, लेकिन अगर हम रात 12 बजे के बाद कार्यक्रम चलाते तो पुलिस खुद आकर बंद करवा देती और हम पर केस करती। अगर मिमी को कोई गलतफहमी हुई है या उन्हें बुरा लगा है, तो हम इसके लिए माफी मांगते हैं।' पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। मिमी चक्रवर्ती एक भारतीय बंगाली अभिनेत्री, गायिका और पूर्व राजनीतिज्ञ हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# अभिनेत्रियों को समझा जाता है कठपुतली

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड में अक्सर ही अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बहस होती है। इसको लेकर कई अभिनेत्रियों ने सवाल भी उठाए हैं। लेकिन, अब 'ट्विलाइट' फेम अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा।



# लोलापलूजा इंडिया में मिले प्यार पर जताया आभार...

**मुंबई।** लोलापलूजा इंडिया 2026 की परफॉर्मेंस के दौरान भारत के लोगों ने ब्रिटिश कलाकार यंगब्लड को काफी प्यार दिया है। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर भारत के लोगों का आभार जताया है। मुंबई में लोलापलूजा इंडिया 2026 की शानदार परफॉर्मेंस के बाद यंगब्लड ने अपने सभी भारतीय फैंस को धन्यवाद दिया है। ब्रिटिश कलाकार ने लोलापलूजा इंडिया के पहले दिन अपने परफॉर्मेंस से मुंबई की भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया। परफॉर्मेंस के कुछ घंटों बाद, यंगब्लड ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने मुंबई शो की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट लिखी। इंस्टाग्राम पर यंगब्लड ने भारत के लोगों का आभार जताते हुए एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि वह अपने फैंस से मिल रहे हैं। फैंस उन्हें गले लगा रहे हैं।



# संजय-नीना फिर बने मिस्ट्री थ्रिलर का हिस्सा

**मुंबई।** नीना गुप्ता और संजय मिश्रा की फिल्म 'वध 2' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस बार फिल्म में थ्रिल डबल होने वाला है। एक बार फिर से नीना और संजय मिश्रा एक हत्या को लेकर जांच के दायरे में है। साल 2022 में फिल्म वध रिलीज हुई। छोटे बजट की इस फिल्म ने दर्शकों को चौंकाया, क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा है। फिल्म 'वध 2' के ट्रेलर में एक जेल गार्ड शंभूनाथ के रोल में संजय मिश्रा नजर आते हैं। वह जेल की एक कैदी मंजू सिंह (नीना गुप्ता) के करीब आते हैं। दोनों के बीच एक अलग तरह का रिश्ता बनता है। लेकिन इसी बीच जेल में कैदी गायब हो जाता है। वह कैदी कहां गया? उसके गायब होने से संजय मिश्रा और नीना गुप्ता के किरदारों का क्या कनेक्शन है, यही पूरी फिल्म की कहानी है। फिल्म 'वध 2' 6 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




# वेलकम टू... की रिलीज डेट का ऐलान...

**मुंबई।** बस पांच महीने का इंतजार और फिर सिनेमाघरों में होगा धमाल! जी हां, क्योंकि 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज डेट सामने आ गई है। कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' जून में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह मल्टीस्टारर फिल्म 26 जून को रिलीज होगी। 'वेलकम' फ्रेंचाईजी की यह तीसरी किस्त है और काफी मजेदार होने वाली है। इसमें अक्षय कुमार के अलावा कई और शानदार सितारे नजर आएंगे। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के निर्देशन की कमान अहमद खान ने संभाली है। इसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ सहित करीब 30 सितारे नजर आएंगे। रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, परेश रावल, राजपाल यादव, जॉनी लीवर, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, और दलेर मेहंदी भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ 3 की विनर बनी कृष्णा और अली की टीम

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ 3' की विनिंग टीम सामने आ चुकी है। अली गोनी, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, समर्थ जुरेल, जन्नत जुबैर और अभिषेक कुमार की टीम 'कांटा' ने इस शो की ट्रॉफी अपने नाम की है। कलर्स चैनल के इंस्टाग्राम पेज पर विनर्स की घोषणा की गई है। कृष्णा अभिषेक की टीम 'कांटा' की टक्कर एल्विश यादव की टीम 'छोरी' से हुई। दोनों टीमों ने अच्छा परफॉर्म किया, बढ़िया खाना बनाया। लेकिन आखिर में विजेता कृष्णा अभिषेक की टीम बनी। इस शो में कॉमेडियन भारती सिंह बतौर होस्ट नजर आती हैं। 'लाफ्टर शेफ' के पहले के दो सीजन भी काफी पॉपुलर रहे हैं। इस शो की थीम दर्शकों को पसंद आती है। प्रतियोगी या कुछ टीम बनाकर टीवी सेलेब्स कुकिंग करते हैं। इस दौरान हंसी-मजाक का खूब तड़का लगता है। इस तरह यह शो काफी मनोरंजन से भरपूर होता है। यह शो इसी वजह से टीआरपी लिस्ट में भी जगह बनाने में कई बार कामयाब हुआ है।

## 'द 50' में मनीषा और रजत की हुई एंट्री

**नई दिल्ली।** जल्द ही टीवी पर एक नया रियलिटी शो 'द 50' आने वाला है। इस शो का हिस्सा सेलिब्रिटी कपल युविका चौधरी और प्रिंस नरुला बन रहे हैं। हाल ही में इंफ्लुएंसर मनीषा रानी और रजत दलाल की एंट्री भी इस शो में हुई है। दोनों ने अपना गेम प्लान बताया है। धीरे-धीरे 'द 50' रियलिटी शो के प्रतियोगियों के नाम सामने आ रहे हैं। हाल ही में एक प्रेस मीट के दौरान रजत दलाल और मनीषा रानी से शो के बारे में बात की। मनीषा रानी ने कहा, 'हम जहां खड़े हो जाते हैं, लाइन वहीं से शुरू होती है।'वह इस रियलिटी शो को लेकर काफी एक्साइटेड दिख रही हैं। वहीं रजत दलाल ने भी कहा कि वह शो में फरमाइश नहीं करने जा रहे हैं, वह गेम खेलने जा रहे हैं। इस तरह यह दोनों ही प्रतियोगी 'द 50' रियलिटी शो को खेलने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। रजत दलाल और मनीषा रानी के अलावा फिल्म एक्ट्रेस युविका चौधरी भी 'द 50' की प्रेस मीट में नजर आईं। वह कई साल बाद किसी रियलिटी शो का हिस्सा बन रही हैं।



# 'आशिकों की कॉलोनी' में थिरकते नजर आए शाहिद, दिशा ने लगाई आग

**मुंबई।** शाहिद कपूर की अपकमिंग फिल्म ओ रोमियो इन दिनों चर्चा में है। मंगलवार को इस फिल्म का नया गाना 'आशिकों की कॉलोनी' रिलीज हुआ। इस गाने में शाहिद कपूर और दिशा पाटनी का अंदाज पर फैंस फिदा हो गए। विशाल भारद्वाज की अपकमिंग फिल्म 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। इस फिल्म का ट्रेलर जब से रिलीज हुआ है, तब से सोशल मीडिया पर 'ओ रोमियो' चर्चा का विषय है। अब इस फिल्म का नया गाना भी ट्रेंड कर रहा है। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने में दिशा पाटनी ने आइटम डांस किया है। साथ ही शाहिद कपूर भी अपनी डांसिंग स्किल दिखाते नजर आ रहे हैं। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने में दिशा पाटनी के साथ शाहिद कपूर गजब का डांस कर रहे हैं। गाने में एक जगह वह माइकल जैक्सन की पॉपुलर डांस स्टेप 'मून वॉक' को करते नजर आए। डांस करते हुए शाहिद कपूर की एनर्जी देखने लायक है। इस गाने के संगीतकार विशाल भारद्वाज हैं। गीतकार गुलजार ने इस गाने को लिखा है। गाने में मधुबंती बागची और जावेद अली की आवाज है। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने के म्यूजिक अरेंजर और प्रोड्यूसर मेघदीप बोस हैं। 'ओ रोमियो'का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी, अविनाश तिवारी और फरीदा जलाल जैसे एक्टर्स अहम किरदारों में नजर आएंगे।



# बैटल ऑफ गलवान के सेट पर लौटे सलमान

*सलमान खान की अपकमिंग वॉर फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर पिछले साल उनके जन्मदिन, 27 दिसंबर को जारी किया गया था। इसी के साथ फिल्म की रिलीज डेट को लेकर भी अनाउंसमेंट किया गया। दिसंबर में फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई थी। खबरों के मुताबिक सलमान अब एक एक्स्ट्रा शूटिंग के लिए सेट पर लौट आए हैं।*

**मुंबई।** सलमान खान, निर्देशक अपूर्व लखिया और पूरी टीम फिल्म के लिए अब पैचवर्क के काम में जुट रहे हैं। इसके अलावा वे कुछ नए सीन भी जोड़ रहे हैं, जिनमें से कुछ में एक्शन सीन भी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये 15 दिनों का शेड्यूल है और पैचवर्क पहले से ही तय था। खबर है कि एडिशनल शूटिंग इसलिए हुई, क्योंकि फिल्म के मेकर्स और सलमान को लगा कि ये सीन कहानी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इनसे फिल्म का प्रभाव बढ़ेगा। सलमान कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि 'बैटल ऑफ गलवान' दर्शकों के लिए एक शानदार अनुभव साबित हो। इसी के चलते उन्होंने एडिशनल शूटिंग के लिए सहमति दी।

फिल्ममेकर्स को पूरा भरोसा है कि फिल्म 17 अप्रैल को तय रिलीज डेट से काफी पहले तैयार हो जाएगी। वहीं, फिल्म का पहला गाना 'मातृभूमि' हाल ही में 24 जनवरी को रिलीज हुआ था। इस फिल्म में लीड रोल में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह लीड रोल में हैं। फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' कर्नल बिक्कुमल्ला संतोष बाबू की कहानी है और इस भूमिका को पर्दे पर जीते दिखेंगे सलमान खान। 15 जून, 2020 के तनावपूर्ण बैकग्राउंड पर बेस्ड ये फिल्म 'कोविड-19' महामारी के दौरान गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए वीर संघर्ष की कहानी बयां करती है।



## आलीशान बंगला, लग्जरी गाड़ियां सब बिक गईं

# भारत भूषण को जुनून ने बनाया राजा से रंक!

*नई दिल्ली। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री चमक-दमक की दुनिया है। इसने किसी को रंक से राजा बनाया तो कभी राजा बनाकर सबकुछ छीन भी लिया। एक ऐसे ही एक्टर थे भारत भूषण। जो अपने पिता की मर्जी के खिलाफ एक्टर बने। 10 साल के संघर्ष के बाद स्टारडम मिला। जब पैसा, शोहरत सब मिल गया तो एक फैसले ने उन्हें वापस फर्श पर लाकर पटक दिया। आप शायद ही जानते होंगे कि 'आशीर्वाद' बंगला इन्हीं का था, जिसे राजेंद्र कुमार और राजेश खन्ना दोनों ने खरीदा था। और ये बंगाल शापित माना जाता है। कहते हैं कि जैसे ही ये तीनों स्टार्स इस घर में आए, इनका बुरा समय शुरू हो गया। भारत भूषणगुप्ता। जिन्हें भारत भूषण के नाम से जाना गया। 14 जून 1920 में मेरठ, उत्तर प्रदेश में उनका जन्म हुआ, लेकिन परवरिश अलीगढ़ में हुई। उनके पिता रायबहादुर मोतीलाल मेरठ के सरकारी वकील और इलाहाबाद में सुप्रीम कोर्ट के जज थे। भारत का एक बड़ा भाई भी था। जब वो दो साल के थे, तब मां का निधन हो गया। इसके बाद वो अपने नाना के पास अलीगढ़ चले गए थे। वहीं पर ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई की।*



### एक्टिंग के खिलाफ थे भारत के पिता

भारत के बड़े भाई फिल्म प्रोड्यूसर और हाई कोर्ट जज रमेश चंद्र गुप्ता थे, जिनका लखनऊ में आइडियल स्टूडियो था। पढ़ाई के बाद उन्होंने पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर एक्टिंग शुरू की। सिनेमा में काम करने के लिए पहले वो कोलकाता गए। बाद में मुंबई का रुख किया।

### डेब्यू मूवी

भारत भूषण ने 1941 में सुपरहिट फिल्म 'चित्रलेखा' में छोटा सा किरदार निभाकर अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। पर केदार शर्मा की सुपरहिट फिल्म में काम करने के बावजूद उनका कॅरियर आगे नहीं बढ़ पाया। वो उनकी एक और फिल्म 'सुहाग रात' में भी नजर आए थे। पर उनकी बाकी फिल्में कमर्शियली अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाईं।

### 11 साल बाद मिला स्टारडम

साल 1952। विजय भट्ट की 'बैजू बावरा' में वो लीड रोल में नजर आए। फिल्म ब्लॉकबस्टर रही और भारत भूषण भरोसेमंद स्टार बन गए। इसी साल 'मां' और 'आनंद मठ' जैसी सफल फिल्मों में उनके स्टारडम को मजबूत कर दिया। 1953 में 'लड़की' के साथ एक और ब्लॉकबस्टर दी। ये उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फइल्म थी, जिसमें वैजयंतीमाला, किशोर कुमार और अंजलि देवी थीं।

### 10 साल में 35 फिल्में

1941 में चित्रलेखा फिल्म से शुरुआत की। 1942 से 1950 तक भक्त कबीर, भाईचारा, सुहाग रात, उधार, भाई बहन जैसी फिल्मों में नजर आए। 1951 से 1960 तक, 10 साल में 35 फिल्में कीं, जिनमें बैजू बावरा, मां, आनंद मठ, लड़की, कवि, मिर्जा गालिब, अमानत, कल हमारा है, घूंघट, बरसात की रात जैसी फिल्में शामिल हैं।

### प्रोड्यूसर भी बने

1961 में कोई फिल्म नहीं रिलीज हुई। 1962 से 1980 तक 19 फिल्मों में नजर आएं। अब तक वो स्क्रिप्ट भी लिखने लगे थे और प्रोड्यूसर भी बन गए थे। 1991 में 'सौ करोड़' में उन्होंने पिता का रोल निभाया था, वो भी कैमियो में। उनकी मौत के बाद 1992 और 1993 में हमशक्ल और आखिरी चेतावनी रिलीज हुई थी।

### बेचना पड़ा आशीर्वाद बंगला

भारत भूषण का बॉम्बे के बांद्रा इलाके में एक बंगला था। इसका नाम 'आशीर्वाद बंगला' था। कहते हैं कि भाई के कहने पर भारत भूषण ने जब प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रखा तो उन्हें बहुत नुकसान हुआ। उनकी सिर्फ दो फिल्में सफल रहीं, बाकी फ्लॉप हो गईं। उन्हें अपना बंगला बेचना पड़ा। इसे उन्होंने राजेंद्र कुमार को बेचा। बाद में राजेंद्र कुमार ने राजेश खन्ना को बेचा था। इस तरह से ये बंगला 3 फेमस फिल्म स्टार्स का घर रहा।

### *रामायण में बने तुलसीदास*

*भारत भूषण को रामानंद सागर की 'रामायण' में भी देखा गया था। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास का किरदार निभाया था।*

### *मेरठ में हुई थी शादी*

*पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने मेरठ के जाने-माने परिवार और जमींदार की बेटी सरला से शादी की थी। उनकी दो बेटियां थीं- अनुराधा और अपराजिता। अनुराधा को पोलियों से जुड़ी दिक्कतें थीं। भारत की पत्नी सरला की 1960 में दूसरे बच्चे को जन्म देते वक्त लेबर कॉम्प्लिकेशन के कारण मौत हो गई।*

### *दूसरी शादी*

*इसके बाद 1967 में भारत भूषण ने दूसरी शादी की। उन्होंने एक्ट्रेस रत्ना से ब्याह रचाया, जो 'बरसात' में उनकी को-स्टार थीं। भारत की बेटी अपराजिता ने भी फिल्मों में काम किया। पति की अचानक मौत के बाद उन्होंने एक्टिंग में कदम रखा था। वो रामायण में मंदोदरी बनी थीं।*

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस : जिपं अध्यक्ष मोहित ने किया ध्वजारोहण




**बैकुण्ठपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला पंचायत कोरिया परिसर में समारोहपूर्वक ध्वजारोहण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने तिरंगा फहराकर कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी एवं उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े उपस्थित रहे। अध्यक्ष श्री पैकरा ने गणतंत्र दिवस को अधिकारों एवं कर्तव्यों की स्मृति का पर्व बताया। उपाध्यक्ष श्रीमती राजवाड़े ने 77 वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अधिकारियों-कर्मचारियों से निष्ठापूर्वक कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### गणतंत्र दिवस पर अमृत सरोवरों में फहराया तिरंगा



गणतंत्र दिवस के अवसर पर कोरिया जिले के सभी 57 अमृत सरोवरों के तट पर जनसहभागिता के साथ ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार पंचायत प्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं, युवाओं एवं श्रमिकों की सहभागिता रही। इस अवसर पर ग्राम पंचायतों में प्रभात फेरी एवं जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालयीन छात्र-छात्राएं एवं बिहान से जुड़ी महिलाएं शामिल हुईं। रैली के माध्यम से विकसित भारत जीरामजी (वीबी जीरामजी) योजना की जानकारी दी गई तथा 125 दिवस की अकुशल श्रम गारंटी योजना के लाभों से ग्रामीणों को अवगत कराया गया।

### विभिन्न ग्राम पंचायतों में हुआ ध्वजारोहण



**बरबसपुर।** विकासखंड अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम हर्षाल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत बरबसपुर में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती सोनमती द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत लोहारी में सरपंच मोती सिंह के द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। ग्राम पंचायत सोनबरसा में सरपंच श्रीमती श्यामवती सोन पाकर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। वहीं ग्राम पंचायत उजियारपुर में सरपंच श्रीमती सोनी बाई के द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रम संपन्न कराया गया। ग्राम पंचायत जगतपुर में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में सरपंच बुधराम सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सभी ग्राम पंचायतों में राष्टगान का सामूहिक गायन किया गया तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं संविधान के प्रति निष्ठा व्यक्त की।

### बहेराडांड़ शाला में हषोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस

**बरबसपुर।** प्राथमिक/माध्यमिक शाला बहेराडांड़ में आज गणतंत्र दिवस समारोह भारी उमंग एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत जगतपुर की पूर्व सरपंच एवं वर्तमान पंच श्रीमती प्रमिला बाई द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण पश्चात प्रभातफेरी निकाली गई।

विभिन्न शासकीय, अर्द्धशासकीय, शैक्षणिक संस्थानों में ध्वजारोहण कर संविधान और देश के प्रति निष्ठा प्रकट की गई

# कोयलांचल में 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मना

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

नगर एवं कोल क्षेत्र चरचा कॉलरी में 77 वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास, उत्साह और राष्टभक्ति के वातावरण में मनाया गया। विभिन्न शासकीय, अर्द्धशासकीय, शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों में ध्वजारोहण कर संविधान और देश के प्रति निष्ठा प्रकट की गई। नगर पालिका परिषद कार्यालय एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल ने उपाध्यक्ष राजेश सिंह, नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा, उप अभियंता आलोक चक्रधारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। काले हीरे की नगरी चरचा माइन आरओ स्थित सहक्षेत्र प्रबंधक कार्यालय में सहक्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार ने सुरक्षा प्रहरियों की परेड की सलामी लेकर राष्टध्वज को शान के साथ फहराया।

क्षेत्रीय चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीमती एस. मिंज ने ध्वजारोहण किया। चरचा वेस्ट मैनेजर कार्यालय में खान सुरक्षा अधिकारी ने राष्टीय ध्वज फहराया। टावर चौक स्थित ऊँ सांई मोटर एवं ऑटो मालिक संघ कोरिया के सदस्यों द्वारा ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया गया। चरचा थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डेय ने सम्मानपूर्वक राष्टीय ध्वज फहराया। मुस्लिम समुदाय की अंजुमन कमेटी द्वारा मस्जिद परिसर के समीप राष्टीय ध्वज फहराकर आपसी भाईचारे एवं राष्टीय एकता का संदेश दिया गया। पीएम श्री प्राथमिक शाला, सरस्वती शिशु मंदिर, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, वैष्णवी पब्लिक स्कूल, आदर्श हाई स्कूल, सभी शासकीय विद्यालय, सहकारी उपभोक्ता भंडार तथा सभी ट्रेड यूनियन कार्यालयों में भी ध्वजारोहण किया गया। कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभातफेरी निकालकर देशभक्ति का संदेश दिया गया।



### हिंद विद्यालय में भव्य मनाया गया गणतंत्र दिवस

चरचा कॉलरी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर हिंदी विद्यालय में नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने राष्टीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर हिंद विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में स्काउट-गाइड दल द्वारा ध्वजारोहण के दौरान आकर्षक सलामी दी गई। विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक झांकियों की प्रस्तुति दी गई। इसमें महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, चंद्रशेखर आजाद एवं छग महतारी की वेशभूषा में बच्चों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि पूर्व नपाध्यक्ष अभिमन्यु मुद्रुली, वरिष्ठ पत्रकार नीरज गुप्ता पत्रकार अंकित अग्रवाल, पूर्व पार्षद एजाज गुड्डू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल डायरेक्टर मो.निसार खान ने किया। इसके साथ ही चरचा क्षेत्र के सभी विद्यालयों में देशभक्ति गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुतियां हुईं। हिन्द विद्यालय इंग्लिश



मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों का प्रतीक है। यह दिन हमें देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अनुशासन, शिक्षा और राष्टभक्ति को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाएं तथा देश के उज्जवल भविष्य के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही आने वाले कल के कर्णधार हैं। यदि युवा पीढ़ी ईमानदारी, परिश्रम और संविधानिक मूल्यों को आत्मसात कर आगे बढ़ेगी तो देश निश्चित रूप से प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री सिंह ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि हमें उनके आदर्शों पर चलकर राष्ट सेवा को सर्वोपरि रखना चाहिए। पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु मुद्दुली ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है।

### डोमनहिल में विभिन्न संस्थानों में हर्षोल्लास से मनाया गया राष्टीय पर्व

डोमनहिल। शिशु शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी विद्यालय डोमनहिल में राष्टीय पर्व गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान रामदास बघेल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात स्काउट-गाइड के छात्रों द्वारा आकर्षक झांकियां एवं पिरामिड निर्माण प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि चिरमिरी थाना प्रभारी विजय सिंह ने कहा कि बच्चों को महापुरुषों के



बलिदान और जीवन चरित्र की जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है, ताकि उनमें देशभक्ति की भावना विकसित हो सके। कार्यक्रम में विद्यालय समिति के संरक्षक गंगाराम आयाम, लालकेश्वर दास, रामदास बघेल, ददन सिंह, रामेश्वर सिंह, राजकुमार दुबे, सफीक अहमद, माईकन अली सहित काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### नगर पालिका में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**मनेन्द्रगढ़।** नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। तत्पश्चात सभी उपस्थित लोगों ने राष्टगान का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा और मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित नगर पालिका के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान के मूल्यों समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे की याद दिलाता है। उन्होंने नगर के विकास, स्वच्छता, नागरिक सुविधाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता देने का संकल्प व्यक्त किया। उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा ने भी नगरवासियों को शुभकामनाएं दी और नगर पालिका परिषद की टीम भावना और समर्पण की प्रशंसा की। सीएमओ ने अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की और उन्हें ईमानदारी व निष्ठा से अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, पार्षद श्रीमती नीलू जायसवाल, पार्षद श्रीमती कृतिका जैन,गिरधर जायसवाल, स्वप्निल सिन्हा, मोहम्मद हुसैन, सुनेना विश्वकर्मा, शांता जायसवाल, उर्मिला जायसवाल, रवि जैन, रामधुन जायसवाल,अजय पैकरा, विकास मिश्रा, अमजद खान, लेखपाल सुशील कुमार, बलिराम कुर्रे, शिव कुमार सहित नगर पालिका के पार्षदगण, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विजय इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में ध्वजारोहण

मनेन्द्रगढ़। विजय इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान की संचालिका नगर की वरिष्ठ समाजसेवी इंद्रा सेंगर द्वारा ध्वजारोहण से की गई। इस अवसर पर उन्होंने देश के महापुरूषों और स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया और छात्रों को संविधान के मूल्यों का पालन करने का संदेश दिया। ध्वजारोहण के पश्चात छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, इनमें देशभक्ति गीत, नाटक और कविता पाठ शामिल रहे। छात्रों ने कहा कि वे एक जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज और देश की सेवा करेंगे। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत गतिविधियां अत्यंत सुंदर और अनुशासनपूर्ण रहीं।

### आयुर्वेद औषधालय में गणतंत्र दिवस उत्सव मनाया गया



मनेन्द्रगढ़। जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के आयुर्वेद औषधालय में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसमें उपस्थित सभी कर्मचारियों और चिकित्सकों ने राष्टगान गाकर देशभक्ति की भावना को जीवंत किया। इस अवसर पर होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. तेजकांत सोनकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उनके साथ महेन्द्र बडाईक, अभिमन्यु नाहक, भूखन, तपन सरकार, शुभम, डॉ. रश्मि सोनकर, मोना पासी, रोशनी पनिका और गौरव मिश्रा उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के बाद सभी उपस्थिजन ने स्वतंत्रता सेनानियों और गणतंत्र दिवस के महत्व को याद किया। उन्होंने संविधान के आदर्शों, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करने का संकल्प लिया। इसके अलावा कर्मचारियों और चिकित्सकों ने मिलकर यह निर्णय लिया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में निष्ठा, जिम्मेदारी और सेवा भावना के साथ काम करेंगे। कार्यक्रम में बच्चों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर देशभक्ति की भावना को और मजबूत किया। समारोह का समापन राष्टगान और सभी की ओर से गणतंत्र दिवस की शुभकामनाओं के साथ किया गया।

### केवी एसईसीएल झगराखंड में पराक्रम दिवस पर क्विज प्रतियोगिता

मनेन्द्रगढ़। पराक्रम दिवस एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय एसईसीएल झगराखंड में परीक्षा पे चर्चा पीपीसी 2026 के अंतर्गत ऑपरेशन सिंदूर विषय पर एक अंतर-विद्यालय क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में केन्द्रीय विद्यालय एसईसीएल झगराखंड के साथ-साथ आसपास के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने भी सक्रिय सहभागिता की। भाग लेने वाले विद्यालयों में पीएम केन्द्रीय विद्यालय मनेन्द्रगढ़, केन्द्रीय विद्यालय चिरमिरी, डीडब्ल्यूपीएस, विजय इंग्लिश स्कूल, सेंट पैट्रिक स्कूल, एचपीएस एवं राजकीय उच्च विद्यालय शामिल रहे। क्विज प्रतियोगिता का आयोजन मिडिल स्तर एवं सेकेंडरी स्तर पर किया गया। सेकेंडरी स्तर में तीन विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से




प्रथम स्थान प्राप्त किया, इनमें से केन्द्रीय विद्यालय एसईसीएल झगराखंड के कक्षा 9 अ के छात्र विनय भी शामिल रहे। वहीं मिडिल स्तर में दो विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में संयुक्त द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर भी विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया। इस अंतर-विद्यालय क्विज प्रतियोगिता में कुल मिलाकर 12 विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, जिससे प्रतिभागियों का उत्साह और मनोबल और अधिक बढ़ा।

### महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

पटना। पंडित ज्वाला प्रसाद उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय पटना जिला कोरिया में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिवशंकर राजवाड़े के द्वारा झंडा फहराया गया। तत्पश्चात राष्टगान एवं वंदे मातरम गाया गया। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस मनाने के उपरांत द्वितीय पाली में विवेकानंद वाटिका के अवलोकन के लिए मुख्य अतिथि के रूप में एनएसएस के जिला संगठक व अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एमसी हिमधर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप भूपेन्द्र सिंह, बाल कल्याण अधिकारी सुनील शर्मा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ.बरखा सिंह ने पुष्प प्रदान कर किए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भूपेन्द्र सिंह सहायक प्राध्यापक इतिहास का स्वागत सुश्री पूनम टोप्पो ने किया। बाल कल्याण अधिकारी सुनील शर्मा का स्वागत रोहित साहू ने पुष्प प्रदान कर किए। प्राचार्य डॉ. हिमधर ने स्वामी विवेकानंद वाटिका में पौधरोपण किए साथ ही



उनके साथ भूपेन्द्र सिंह एवं सुनील शर्मा ने विवेकानंद वाटिका में पौध रोपण किए। छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया। इसके लिए मंच संचालन डॉ. गुलजार सिंह ठाकुर ने किया। कुमारी अराधना राजवाड़े, पूर्णिमा राजवाड़े, कविता कुण्डू व कु. पायल यादव द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया साथ ही नैतिक दास के द्वारा देशभक्ति गीत गाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ एमसी हिमधर ने अपने उद्बोधन के संविधान के महत्व को बताए साथ ही विवेकानंद वाटिका की प्रशंसा किये एवं उसके विकास के लिए 5 हजार रूपए की राशि तत्काल महाविद्यालय को प्रदान किए, जिससे महाविद्यालय के सभी स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं प्रसन्न हुए। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन रोहित साहू ने किया। गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में महाविद्यालय के सिया राम जी, श्रीमती दुर्गावती राजवाड़े, दीपक उपाध्याय, अमित रंजन तिग्गा, गजेन्द्र नामदेव, मनोज देवांगन, अखिलेश सेन, सुदीप साकेत,डॉ.नितिन द्विवेदी, आकाश स्वर्णकार, डॉ. अरविंद ,अशोक साहू, संदीप सेन, स्नेहा यादव, जया सिदार मिथलेश, कृष्ण बिहारी कुजूर, रमेश, मनीषा, राहुल एवं महाविद्यालय के छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

### कन्या महाविद्यालय में मनाया गया गणतंत्र दिवस

बैकुण्ठपुर। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में 26 जनवरी को राष्टीय पर्व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप द्वारा भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कर किया गया। इसके पश्चात ध्वजारोहण किया गया तथा राष्टगान एवं राष्टगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप, भारत सिंह, श्रीमती कनकलता पैकरा, डॉ. सुमित कुमार डे, वरूण कुमार कुशवाहा एवं सेवानिवृत्त व्याख्याता एसएन राय द्वारा देश के वीर सपूतों को नमन करते हुए उनके बलिदान एवं योगदान को स्मरण किया गया तथा प्रेरक विचार साझा किए गए। कार्यक्रम में छात्राओं लल्ली एवं निर्जला द्वारा भारत की गणतंत्रता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए। वहीं चंदा, लालती, लल्ली एवं पूजा द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों ने उपस्थित छात्राओं एवं स्टाफ का मन मोह लिया। छात्रा पुष्पांजलि द्वारा गणतंत्र दिवस



पर प्रभावशाली भाषण दिया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्टीय मिठाई का वितरण कर सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी गई। कार्यक्रम का सफल संचालन रितेश कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य डॉ. पवन कुमार उपाध्याय, डॉ. ज्ञानचंद्र पाल, बिक्की राम, विनय गुप्ता, सुमित मिश्रा, विजय कुमार, सुश्री रिचा चेलकर, सुश्री दीप्ती केरकेट्टा, मो. अमजद, सुश्री मेघा डाहिरे, डॉ. ऋचा श्रीवास्तव, महेन्द्र कुमार कुर्रे, विपिन सिंह, श्रीमती प्रतिभा उपाध्याय, भागवत प्रसाद साहू,सत्येन्द्र सिंह पैकरा, बिनयामिन लकड़ा, चुन्नू सहित काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### बचपन प्ले स्कूल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



मनेन्द्रगढ़। शहर के बचपन प्ले स्कूल में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास और देशभक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसे विद्यालय की डायरेक्टर ज्याति ताम्रकार, ताशी अग्रवाल एवं आशा कक्कड़ ने संयुक्त रूप से संपन्न कराया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्टगान गाया गया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। इस अवसर पर डायरेक्टर ज्योति ताम्रकार ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान के मूल्यों, समानता और स्वतंत्रता की भावना को समझने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बच्चों में बचपन से ही देशप्रेम और अनुशासन विकसित करने पर जोर दिया। डायरेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों का विकास ही मजबूत राष्ट की नींव है। वहीं डायरेक्टर आशा कक्कड़ ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति कविता, गीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित अभिभावकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर संजीव ताम्रकार ने कहा कि आज का दिन हमें देश के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है। संस्थान के डायरेक्टर आशीष कक्कड़ ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की।

### आदिवासी विकास विभाग की झांकी को प्रथम स्थान

मनेन्द्रगढ़। जिले में आयोजित 77 वें गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित भव्य, सुसज्जित एवं संदेशात्मक विभागीय झांकियां आमजन के लिए आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रही। जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ स्थित आमाखेरवा ग्राउंड में आयोजित इस गरिमामय समारोह में काफी संख्या में नागरिकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह की गरिमामय उपस्थिति रहे, जबकि कलेक्टर डी. राहुल वेंकट एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहीं। विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत झांकियों के माध्यम से शासन की विकासोन्मुखी नीतियों, समावेशी विकास की अवधारणा तथा सामाजिक सरोकारों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। झांकियों में ग्रामीण विकास, पंचायत व्यवस्था, आदिवासी उत्थान, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, कृषि विकास एवं सामाजिक कल्याण से संबंधित योजनाओं एवं उपलब्धियों को सजीव, रचनात्मक एवं प्रतीकात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया। झांकी प्रतियोगिता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (जिला पंचायत) की झांकी को द्वितीय स्थान



प्राप्त हुआ, इसमें ग्रामीण अधोसंरचना, आवास, स्वच्छता, रोजगार सृजन एवं आजीविका संवर्धन से जुड़ी योजनाओं को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग तथा कृषि विभाग की संयुक्त झांकी को तृतीय स्थान प्रदान किया गया, जिसमें महिला सशक्तिकरण, पोषण अभियान, बाल कल्याण एवं कृषि उन्नयन से संबंधित योजनाओं का सशक्त संदेश दिया गया। झांकी प्रतियोगिता के विजेता विभागों को मुख्य अतिथि द्वारा कलेक्टर डी. राहुल वेंकट एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह की उपस्थिति में स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)
**ईश्तहार**
क्रमांक /वाचक/2024
बैकुण्ठपुर दिनांक / /2024
एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम चरचा की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मानमती पिता/पति छोटेलाल जाति बसोर निवासी चरचा तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा शन्नी निवासी चरचा का जन्म दिनांक 12/7/2002 को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 5/2/26 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।
आज दिनांक 22/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग.

## बाल विवाह मुक्त कोरिया बनाने जिला स्तरीय कार्यशाला

**बैकुण्ठपुर।** जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला पंचायत के मंथन कक्ष बैकुंठपुर में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी, व्यापारी वर्ग एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की।

कार्यशाला में बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रभावी उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए




कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा का स्थायी समाधान तभी संभव है, जब प्रशासन और समाज मिलकर इसके विरूद्ध ठोस कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में बाल विवाह के दुष्प्रभावों की जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है, ताकि समाज स्वयं इस कुप्रथा को रोकने के लिए आगे आए। कलेक्टर ने विवाह आयोजनों में सहयोग करने वाले कैटरिंग, बैंड, पंडित, टेंट एवं अन्य सेवा प्रदाताओं से अपील की कि यदि उन्हें कहीं बाल विवाह की जानकारी मिले, तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से बच्चों एवं अभिभावकों को जागरूक एवं प्रेरित करने का आह्वान किया, ताकि बाल विवाह की घटनाओं को समय रहते रोका जा सके। कलेक्टर ने बताया कि बाल विवाह से अनेक सामाजिक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं, जिन्हें रोकना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यशाला में राज्य समन्वयक (एसोसिएशन फॉर एक्शन) एवं बचपन बचाओ आंदोलन के प्रशिक्षक विपिन ठाकुर ने बाल विवाह के दुष्परिणामों, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 तथा बाल विवाह रोकने के लिए आवश्यक तात्कालिक कार्रवाई की जानकारी प्रदान की।




## पृष्ठ 1 का शेष

### अवैध शराब का ...

सके। शहरवासियों का कहना है कि जब तक विभाग और पुलिस अपना दायित्व गंभीरता से नहीं निभाएंगे, तब तक अवैध शराब का कारोबार इसी तरह फलता-फूलता रहेगा। इस संबंध में जब एडीपीओ शशि कला से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि वह लगातार इस मामले में जांच कर रही है और जहां कहीं भी उन्हें अवैध शराब बिक्री की शिकायत मिलेगी वह तत्काल कार्रवाई करेंगे।

